# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–01 नवम्बर 2025 — सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित पुस्तक महोत्सव दो हजार पचीस का शुभारंभ किया। नौ दिन तक चलने वाले इस महोत्सव का आयोजन नेशनल बुक ट्रस्ट और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को पुस्तकें भेंट कीं और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि व्यक्ति का सबसे सच्चा साथी अच्छी पुस्तकें होती हैं। उन्होंने कहा कि जब नागरिक पढ़ते हैं तभी देश आगे बढ़ता है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे स्मार्टफोन पर अनावश्यक समय न व्यर्थ करें और अध्ययन के लिए पुस्तकों से जुड़ें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी दीदियों और प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया।

इसके बाद, मुख्यमंत्री गोरखपुर के ही गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में सैमसंग इनोवेशन कैम्पस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के करीब तेरह सौ छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र सौंपा। कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं को हुनर विकसित करने पर जोर दिया।

**हमारे पास स्केल है उसको स्किल कि आवश्कता है और इस दृष्टि से हमारी नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 युवाओं के स्किल डेवलपमेंट में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी उनके जीवन में क्या परिवर्तन ला सकती है। इसमें एक बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकती है और मुझे प्रसंता है अपने सीएसआर फंड के सहयोग से सैमसन ने सैमसन इंनोवेशन कैम्पस के माध्यम से देश भर के 10 हजार युवाओं को फेज 3 में प्रशिक्षण के जिस कार्यक्रम में जोड़ा है उसमे उत्तर प्रदेश के 5 हजार और उसमें भी 2 हजार अकेले गोरखपुर और आसपास के क्षेत्र के है।**

**********

प्रदेश भर में आज से यातायात माह शुरू हुआ, जो तीस नवंबर तक चलेगा । इस दौरान सभी जिलों में यातायात और पुलिस विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा। वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, अयोध्या, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर और देवरिया सहित विभिन्न जिलों में रैली, नुक्कड़ नाटक, चित्र और क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बाइस सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। आइए जानते हैं कि इन सुधारों से अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिल रहा है।

**नए जीएसटी सुधारों ने कारीगरों, उद्योगों और निर्यातकों को बड़ी मजबूती दी है। कपडा क्षेत्र में सिल्क और अन्य जीआई टैग वाले हटकरघा उत्पादों पर भी अब कर को घटाकर पांच प्रतिशत किया गया है इसके साथ ही हस्त निर्मित उत्पादो के कर में बडी कटौती हुई है। जीएसटी में कमी होने से हस्ताशिल्प उद्योग की प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसरों में भी बढोतरी हुई है। जरी के धागों में जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत होने से साडियां सस्तीं हो गई हैं। सौम्या् और भानूप्रताप की रिपोर्ट के साथ मैं समाचार कक्ष से निखिल कुमार।**

**********

प्रबोधनी देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर अयोध्या में आज भोर से ही पंचकोसी परिक्रमा शुरू हो गयी है। यह परिक्रमा रात दो बजकर सत्तावन मिनट तक चलेगी। सुबह से ही परिक्रमा मार्ग पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दिखाई पड़ रहे हैं। एक रिपोर्ट–

**अयोध्या के प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेले का दूसरा चरण पंचकोसी परिक्रमा इस समय चरमोत्कर्ष पर हिलोरें ले रहा है। देवोत्थानी हरि प्रबोधनी एकादशी लगते ही श्रद्धालुओं ने पावन सलिला सरयू में स्नान कर, मंत्रोच्चारण के साथ परिक्रमा उठाई और फिर क्या था, ढोल–मजीरों की गूँज, साधू–संतों के भजन, महिलाओं के अवधी गायन, अबोध बच्चों से लेकर अति वृद्धों तक का मनोबल अट्ठारह किलोमीटर लम्बे परिक्रमा मार्ग पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति के वातावरण का सन्देश बन गया और ऐसा लग रहा है जैसे श्रद्धालु माला का रूप धारण करके तीर्थ स्थल अयोध्या की उपासना कर रहे हों, साथ ही भीड़ में शामिल विदेशों से आये भारतीय अप्रवासी परिक्रमा के विश्व व्यापकता को स्थापित कर रहे हैं। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

**********

चक्रवाती तूफान मोंथा का असर पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अभी भी बरकरार है। सुबह से ही रूक–रूक कर हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। जौनपुर, कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, संतकबीरनगर सहित आसपास के जिलों में तीन दिनों से हो रही बारिश और हवाओं से धान की पकी हुई फसल को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में धान की फसल गिर गयी है। मौसम विभाग के मुताबिक कल भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में मौसम का मिजाज ऐसे ही बना रहेगा।

**********